अलवर डिप्टी मेयर चुनाव में भाजपा के अजय पूनिया जीते, कांग्रेस की ममता सैनी की हार

भाजपा के अजय पूनिया को 40 वोट, कांग्रेस की ममता सैनी को 24 वोट मिले, एक वोट निरस्त

अलवर, (निसं)। अलवर नगर निगम के डिप्टी मेयर चुनाव में भाजपा के अजय पूनिया ने जीत दर्ज की है। वार्ड 49 से पार्षद अजय पूनिया को 40 वोट मिले, जबकि कांग्रेस की ममता सैनी को 24 वोट मिले। एक वोट निरस्त हुआ। अजय पूनिया के पांचवीं बार पार्षद बनने का रिकॉर्ड भी दर्ज हुआ।

जानकारी के अनुसार अलवर नगर निगम में डिप्टी मेयर पद के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में भाजपा के अजय पूनिया ने जीत दर्ज की। वार्ड 49 से पार्षद अजय पूनिया को 40 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी ममता सैनी को 24 वोट मिले। मतदान में एक वोट निरस्त किया गया। नगर निगम में कुल 65 वार्ड हैं। अजय पूनिया को भाजपा ने डिप्टी मेयर पद के लिए प्रत्याशी बनाया था। चुनाव में बहुमत के लिए जरूरी समर्थन जुटाते हुए उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को पीछे छोड़ दिया। अजय पूनिया के लिए यह जीत इसलिए भी खास है, क्योंकि

नवनिर्वाचित डिप्टी मेयर अजय पूनिया का समर्थकों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

उनके पांचवीं बार पार्षद बनने का रिकॉर्ड भी दर्ज हुआ है। कांग्रेस की ममता सैनी वार्ड 34 से पार्षद हैं। खास बात यह रही कि ममता सैनी को कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी कमलेश शर्मा से ज्यादा वोट मिले हैं। सोमवार को हुए मेयर चुनाव में भाजपा की सुमनलता अग्रवाल ने 42 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश शर्मा को 23 वोट मिले थे। सुमनलता अग्रवाल अलवर नगर निगम की पहली मेयर बनी हैं।

जिले की अन्य नगर निकायों में भी चुनाव :- अलवर जिले की कई नगर निकायों में मंगलवार को उपाध्यक्ष पद के चुनाव हुए। बहरोड़ नगर परिषद में भाजपा के रामनरेश यादव निर्विरोध उप सभापति चुने गए। कोटकासिम नगरपालिका में निर्दलीय मनीषा निर्विरोध उपाध्यक्ष बनीं। मांढण में भाजपा समर्थित निर्दलीय राकेश सैनी भी निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए।

गोविंदगढ़-रामबास नगर पालिका में भाजपा के महेंद्र सैनी उपाध्यक्ष बने। मालाखेड़ा नगरपालिका में कांग्रेस के महेश गुप्ता ने उपाध्यक्ष पद जीता।

बड़ौदामेव नगर पालिका में कांग्रेस की शबनम उपाध्यक्ष बनीं। कठूमर नगरपालिका में कांग्रेस के जयप्रकाश दीक्षित उपाध्यक्ष चुने गए। कोटपूतली-बहरोड़ जिले की नारायणपुर नगरपालिका में भाजपा की मीना यादव उपाध्यक्ष बनीं। वहीं, बर्डोद नगरपालिका में कांग्रेस की पम्पी देवी उपाध्यक्ष बनीं।

सीकर में कांग्रेस के अशोक चौधरी तीसरी बार उपसभापति बने

अशोक चौधरी ने भाजपा की रेखा बिजारणिया को 17 वोटों से हराकर जीत दर्ज की

सीकर, (निसं)। सीकर नगर परिषद में वार्ड नं. 34 के पार्षद अशोक चौधरी लगातार तीसरी बार उपसभापति बन गए हैं। कांग्रेस के अशोक चौधरी ने भाजपा की रेखा बिजारणिया को 17 वोटों से हराया। कांग्रेस ने सभापति चुनाव की वोटिंग को बरकरार रखने में सफलता हासिल की और कोई टूटफूट नहीं होने दी।

- **कांग्रेस ने सभापति चुनाव की वोटिंग को बरकरार रखने में सफलता हासिल की और कोई टूटफूट नहीं होने दी**

सीकर जिले के 13 निकायों में वाइस चेयरमैन के चुनावों की वोटिंग खत्म हो गई है। इससे पहले सीकर नगर परिषद में वाइस चेयरमैन के पद के लिए कांग्रेस से अशोक चौधरी और भाजपा से रेखा बिजारणिया ने नामांकन दाखिल किया था। इधर, खाटूश्यामजी नगर पालिका की लापता पार्षद लक्ष्मी देवी को पुलिस ने पकड़ लिया है। वार्ड-10 की पार्षद लक्ष्मी देवी का वोट नहीं पड़ने की वजह से खाटूश्यामजी में चेयरमैन-वाइस चेयरमैन के चुनाव को निर्वाचन आयोग ने स्थगित कर दिया था। सीकर नगर परिषद में खतीजा बानो के सभापति बनने के बाद उपसभापति पद पर अशोक चौधरी की जीत हुई है। सीकर में लगातार कांग्रेस पार्टी का बोर्ड बना है। आज उपसभापति चुनाव के बाद सभी पार्षदों ने नवनिर्वाचित सभापति-उपसभापति और विधायक राजेंद्र पारीक के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाई। नव निर्वाचित उप सभापति को रिटर्निंग ऑफिसर सुभाष चंद्र ने निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। इस मौके पर पूर्व सभापति जीवण खां भी मौजूद रहे। जीवण खां 2014 से लगातार 2 बार सभापति रहे, इस दौरान भी अशोक चौधरी ही उपसभापति थे।

दो युवकों पर हमला, मामला दर्ज

रेवदर, (निसं)। रेवदर थाना क्षेत्र के दाँतराई गांव में दो युवकों का रास्ता रोककर उन पर लाठियों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित विक्रम कुमार पुत्र गणेशराम घांची की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया कि 21 सितंबर को रात करीब 8:15 बजे विक्रम कुमार और उसका साथी साहुल पुत्र पन्नालाल गुर्जर धाण से वापस आ रहे थे। स्कूल के बाहर पहुंचने पर अचानक कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया और उन पर लाठियों से कई वार किए। उसने बताया कि आरोपियों की योजना जान से मारने की थी, लेकिन लोगों ने बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। मामले को लेकर पीड़ित विक्रम कुमार ने दाँतराई निवासी जवानाराम पुत्र उनाजी पुरोहित, लेहरचंद पुत्र शंकरजी पुरोहित, प्रवीण कुमार पुत्र शान्तिलाल पुरोहित और नरेन्द्र कुमार पुत्र नारायणलाल पुरोहित पर हमले का आरोप लगाया है।

82 लाख की धोखाधड़ी मामले में इनामी आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। जमीन के नाम पर 82 लाख की धोखाधड़ी करने के दर्ज मामले में कैथून पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए फरारी काट रहे 5 हजार के इनामी आरोपी को कोटा के बोरखेड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अपराधों की रोकथाम व वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन क्रिमीनल डस्टिंग चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि 24 मई को कैथून के जालखेड़ा निवासी धर्मेन्द्र व कृष्णमुरारी ने परिवाद पेश किया, परिवाद में कहा कि कोटा के बोरखेड़ा निवासी महावीर ने 82 लाख रूपये की धोखाधड़ी कर न तो जमीन दी न ही रूपये वापस लौटाए। ग्रामीण एसपी ने कहा कि परिवादी के परिवाद पर कैथून थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मामले में अनुसंधान के लिये कैथून थानाधिकारी मनोज सिंह सिकरवार के नेतृत्व में टीम का गठन किया। गठित टीम ने मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर संभावित स्थानों पर दबिश दी। टीम ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे 5 हजार के इनामी आरोपी बोरखेड़ा के मानपुरा निवासी महावीर (46) को बोरखेड़ा से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।

आठ हजार की रिश्वत लेते जयपुर डिस्कॉम का टेक्नीशियन गिरफ्तार

हिण्डौन सिटी, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की करौली इकाई ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए जयपुर डिस्कॉम, हिण्डौन सिटी के कार्यालय सहायक अभियंता ए-द्वितीय में कार्यरत टेक्नीशियन प्रथम (सहायक स्टोर कीपर) जगदीश बैरवा को आठ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

- **परिवादी के जले हुए विद्युत ट्रांसफार्मर को जमा कराने के बाद उसके स्थान पर नया ट्रांसफार्मर स्टोर से उपलब्ध करवाने की एवज में रिश्वत मांगी थी**

एसीबी के अनुसार आरोपी ने परिवादी के जले हुए विद्युत ट्रांसफार्मर को जमा कराने के बाद उसके स्थान पर नया ट्रांसफार्मर स्टोर से उपलब्ध करवाने की एवज में 9 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के सत्यापन के दौरान रिश्वत मांग की पुष्टि होने पर ट्रैप कार्रवाई की गई।

भरतपुर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश मीणा के सुपरवीजन में एसीबी करौली के पुलिस निरीक्षक जगदीश भारद्वाज के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। आरोपी को एईएन कार्यालय परिसर में परिवादी से 8 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया। रिश्वत की राशि आरोपी की पहनी हुई पेंट की सामने की दाहिनी जेब से बरामद की गई। एसीबी के अनुसार आरोपी से पूछताछ एवं आगे की कार्रवाई जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

एमडी ड्रग के साथ युवक को पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। शहर के पाल बालाजी मंदिर के सामने आए एक निजी गार्डन के पास में युवक को पकड़ा गया। तलाशी में युवक के पास से 46.79 एमडी ड्रग बरामद हुई। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। उससे अब एमडी ड्रग को लेकर अग्रिम पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी गोविंद व्यास के नेतृत्व में गठित टीम ने सोमवार की शाम को मुखबिरी सूचना पर पाल बालाजी मंदिर के सामने आए ऋतु वैन्यू गार्डन के पास में एक युवक को पकड़ा। युवक के पास में 46.79 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई। इस पर आरोपी अशोक पुत्र जेठाराम को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया।

सब्जी विक्रेता के घर से लाखों के जेवर सहित नगदी चोरी

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती नारवा खिंचियान गांव में रामदेव मंदिर के पीछे एक घर में चोरी हो गई। रात को खुले दरवाजे का फायदा उठाकर चोर अंदर दाखिल हुए और बक्से उठाकर ले गए। बक्से में रखे दो लाख की नगदी के साथ सोने-चांदी के आभूषण ले गए। सुबह परिवार मे जाग होने पर घटना का पता लगा। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। अठिाम जांच की जा रही है।

सूरसागर थानाधिकारी हरीशचंद्र सोलंकी ने बताया कि नारवा खिंचियान रामदेव मंदिर के पीछे रहने वाले किशनलाल पुत्र मांगीलाल मेघवाल ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह सब्जी का ठेला लगाता है। परिवार सहित रात को घर में सो रहा था। मुख्य दरवाजा खुला था। तब आधी रात को चोर दाखिल हुए और कमरे में रखे बक्से उठाकर ले गए। सूने स्थान पर ले जाकर बक्से से दो लाख की नगदी, तीन- चार तोला सोना और 700-800 ग्राम चांदी के आभूषण ले गए। एक अन्य बक्से में रखी सामग्री सुरक्षित रह गई। थानाधिकारी सोलंकी ने बताया कि आस पास सीसीटीवी नहीं है। फिलहाल आने-जाने मार्ग से पता लगाया जा रहा है। चोरों की संख्या एक या दो हो सकती है।

उदयपुर नगर निगम में डिप्टी मेयर पद पर भाजपा के दिनेश भट्ट निर्वाचित

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर नगर निगम में डिप्टी मेयर पद पर भाजपा के दिनेश भट्ट निर्वाचित हुए। कुल 80 पार्षदों में से भट्ट को 56 वोट मिले। वहीं कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण मेघवाल को 24 वोट मिले। भट्ट ने 32 वोट से जीत दर्ज की है। इस दौरान नगर निगम के टाउनहॉल में बड़ी संख्या में भाजपा समर्थकों ने नारे लगाए।

- **चुनावी मुकाबले में दिनेश भट्ट को 56, जबकि कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण मेघवाल को 24 वोट मिले**

भट्ट लंबे समय तक भाजपा के शहर जिलाध्यक्ष रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने पार्टी संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां भी संभाली हैं। नगर निगम उदयपुर में मेयर बनने के लिए उन्होंने प्रयास किया था, लेकिन मेयर पद के त्रिकोणीय मुकाबले में वे पारस सिंघवी से पीछे रह गए। मेयर पद की दौड़ से बाहर होने के बाद दिनेश भट्ट ने डिप्टी मेयर पद के चुनाव पर अपना ध्यान केंद्रित किया। मंगलवार को हुए चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के लक्ष्मीनारायण मेघवाल को हराकर यह पद अपने नाम कर लिया। चुनावी मुकाबले में दिनेश भट्ट को 56 जबकि लक्ष्मीनारायण मेघवाल को 24 वोट मिले। परिणाम घोषित होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी अवुला सांईकृष्ण ने दिनेश भट्ट को डिप्टी मेयर पद की शपथ दिलाई। एडीएम सिटी जितेंद्र औझा और जिला निर्वाचन कार्यालय के डॉ. महामाया प्रसाद चौबीसा भी मौजूद रहे। निगम चुनाव में मेयर पद की दौड़ में शामिल रहे प्रमोद सामर को नगर निगम बोर्ड में फिलहाल पार्षद की भूमिका में ही रहना होगा। मेयर पद के लिए हुए मुकाबले में वे आगे नहीं बढ़ सके। यह जरूर है कि आने वाले दिनों में नगर निगम बोर्ड में विभिन्न समितियों का गठन होगा उसमें सामर को महत्वपूर्ण समिति मिलना तय है।

इससे पहले मेयर पद पर बंपर जीत दर्ज करने वाली भाजपा में डिप्टी मेयर के नाम को लेकर मंगलवार सुबह 9.40 बजे तक सस्पेंस बना रहा। इसके बाद भाजपा ने दिनेश भट्ट को डिप्टी मेयर का प्रत्याशी बनाने के नाम का ऐलान किया। कविता जोशी और पंकज बोराणा आखिरी तक रेस में बने रहे। संख्याबल के लिहाज से अधिकतर भाजपा पार्षदों ने कविता जोशी के नाम पर सहमति जताई लेकिन वरिष्ठता और बडे नेताओं की पसंद दिनेश भट्ट के नाम पर सहमति बनी। दिनेश भट्ट के लिए शहर विधायक ताराचंद जैन, सतीश पूनिया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला लगातार पैरवी कर रहे थे। पार्टी में लास्ट तक डिप्टी मेयर की रेस में दिनेश भट्ट और कविता जोशी के नाम पर चर्चा होती रही। पार्टी भट्ट के नहीं बनने की स्थिति में कविता जोशी का नाम बैकअप में रखकर चल रही थी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड अपने रिश्तेदार पंकज बोराणा के नाम के लिए पैरवी कर रहे थे। उनका अनुभव नहीं होना उनके लिए कमजोरी बना। बोराणा पहली बार पार्षद बने हैं और जिला कार्यकारिणी में राठौड की दखल से उन्हें महामंत्री बनने का फायदा भी मिला था। पार्टी का एक धडा कविता जोशी के नाम की पैरवी करवा रहा था। उनका संठनात्मक अनुभव भी ठीक था, मगर भट्ट जैसे बड़े चेहरे के आगे युवा को आगे करना पार्टी नेताओं को उचित नहीं लगा। राष्ट्र सेविका समिति की कार्यकर्ता होने के साथ महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कविता के नाम पर संघ ने इस पर सहमति जताई थी। उधर कांग्रेस ने लक्ष्मीनारायण मेघवाल को डिप्टी मेयर के लिए प्रत्याशी बनाया था। मेघवाल कांग्रेस विवेक कटारा और रघुवीर मीणा के करीबी हैं।

नवनिर्वाचित उपमहापौर दिनेश ने इस जीत का श्रेय शीर्ष नेतृत्व, सभी पार्षदों और शहर की जनता के विश्वास को दिया। उन्होंने कहा कि शहर के विकास कार्यों को बिना किसी भेदभाव के गति देना और जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। दूसरी तरफ कांग्रेस खेमे में इस परिणाम के बाद सन्नाटा पसरा दिखा। हार के कारणों को लेकर पार्टी स्तर पर समीक्षा की बात कही जा रही है। इस परिणाम के साथ ही नगर निगम में भाजपा ने अपना परचम लहराते हुए उपमहापौर की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया है।

परिवार पर हमला, पांच गिरफ्तार

भीलवाड़ा, (निसं)। मांडल थाना क्षेत्र के रावों का खेड़ा गांव में एक परिवार पर जानलेवा हमला करने और युवक को पोल से बांधकर बेरहमी से पीटने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने एक महिला सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने बताया कि 19 सितंबर को पीड़िता शांति देवी पत्नी नंदलाल राव निवासी रावों का खेड़ा ने मांडल थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि आरोपियों ने एकराय होकर उनके घर में अनाधिकृत प्रवेश किया और परिजनों के साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी उनके पुत्र को खींचकर घर से बाहर ले गए और पोल से बांधकर बेरहमी से पीटा। इस दौरान आरोपियों ने जमीन के कागजात और 9 लाख रुपये की भी मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपियों की पहचान कर सज्जन सिंह, लादूलाल राव, गोपाल सिंह, चैन सिंह, लाड देवी को गिरफ्तार किया जबकि इससे पूर्व हिम्मत सिंह व लक्ष्मण सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है।

श्रीगंगानगर के रावला थाना क्षेत्र का बॉर्डर तस्करी का नया डेस्टिनेशन बन रहा

पाकिस्तानी तस्कर रावला और घड़साना थाना क्षेत्र के बॉर्डर की ओर खिसक गए हैं

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले की पाकिस्तान के साथ लगती रावला थाना क्षेत्र का बॉर्डर हेरोइन और मादक पदार्थ तस्करी का नया डेस्टिनेशन बन रहा है। ऐसा होने के पीछे हिंदुमलकोट से लेकर अनूपगढ़ तक के बॉर्डर पर पुलिस के बिछाए खुफिया तंत्र के जाल और तस्करों के नेटवर्क को तोड़ना कारण है।

- **इसी वर्ष इस एरिया में हेरोइन ड्रॉपिंग की 8 बड़ी वारदातों को विफल किया है**

बीते करीब दो दशकों में जो एरिया पाकिस्तानी तस्करों के लिए हेरोइन तस्करी का पीक पॉइंट रहा है, अब वहां तस्करी की वारदातों में सफलता नहीं मिल रही। पाकिस्तानी तस्कर रावला और घड़साना थाना क्षेत्र के बॉर्डर की ओर खिसक गए हैं। बीते 9 माह में यानी इसी वर्ष इस एरिया में हेरोइन ड्रॉपिंग की 8 बड़ी वारदातों को विफल किया गया। 35 किलोग्राम से ज्यादा हेरोइन पकड़ी जा चुकी है। इससे पाकिस्तानी और बॉर्डर के इस पार के तस्करों के नेटवर्क को 155 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इसके बावजूद पाक तस्कर लगातार इसी एरिया को टारगेट कर रहे हैं। वे ड्रोन से ड्रॉपिंग कर रहे हैं। रावला और घड़साना थाना एरिया के बॉर्डर पर ऐसी गतिविधियां बढ़ रही हैं। इससे स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई हैं। अब इसे लेकर नाकी कोआर्डिनेशन सेंटर की मासिक बैठक में सभी एजेंसियां नए सिरे से प्लान बना रही हैं। तस्करी चैनल क्रैक करने एवं नेटवर्क का खुलासा करने पर भी काम हो रहा है।

हाल ही में 12 सितंबर को हुई हेरोइन ड्रोपिंग ने भविष्य के गंभीर खतरे का अलार्म बजा दिया है। रावला थाना एरिया के चक 14 केएनडी की रोही में रात को 5.615 किलोग्राम हेरोइन और 508 ग्राम अफीम दूध बरामद हुआ। कुल 6 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। जिस जगह ड्रोन ने ड्रॉपिंग करवाई, वह स्थान पाकिस्तान बॉर्डर से 4 किलोमीटर की दूरी पर है। दूसरा, सारा वजन एक ही बार में ड्रॉप किया गया। इस घटना में दो नई और विशेष बातें सामने आई हैं। पहला, पाकिस्तान के ड्रोन टेक्नोलॉजी में एडवांस हो गए हैं। वे एक बार में 4 से 5 किलोमीटर तक उड़ान भर रहे हैं। दूसरा, इनकी वजन उठाकर ले जाने की क्षमता भी 6 किलोग्राम तक सामने आ चुकी है। इससे ज्यादा वजन भी उठाकर उड़ रहे हों, तो भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

हरिशंकर यादव, एसपी, श्रीगंगानगर का कहना है कि पाकिस्तान सीमा पर मुखबिर तंत्र और निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया गया है, इसी वजह से तस्करी के मामले अधिक पकड़े जा रहे हैं। रावला और घड़साना सीमा क्षेत्र में गांव दूर होने, इलाका रेगिस्तानी होने और पंजाब के हैंडलर्स की रिश्तेदारियां होने के चलते उस क्षेत्र में ड्रॉपिंग बढ़ी है। सभी सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर तस्करी के नेटवर्क पकड़े जा रहे हैं।

क्षतिग्रस्त कार में यूपी के टैक्सी चालक का शव मिला

मृतक के गले सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के कई निशान मिले

अजमेर, (निसं)। गेगल थाना क्षेत्र में सोमवार को एक क्षतिग्रस्त कार में उत्तर प्रदेश के 47 वर्षीय टैक्सी चालक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी श्रीकांत तिवारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि श्रीकांत नोएडा से टैक्सी लेकर बड़ौदा के लिए रवाना हुआ था। गेगल थाना पुलिस ने कार में मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतक के परिजनों से संपर्क किया। परिजनों के अजमेर पहुंचने के बाद उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

- **नोएडा से बड़ौदा के लिए टैक्सी लेकर निकला था श्रीकांत तिवारी, ड्राइविंग सीट के पीछे मिला शव**
- **पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कार दुर्घटनाग्रस्त कैसे हुई और श्रीकांत की मौत किन परिस्थितियों में हुई**

पुलिस के अनुसार श्रीकांत का शव कार की ड्राइविंग सीट पर नहीं, बल्कि उसके पीछे की तरफ मिला। मृतक के गले पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। इसके अलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोट के कई निशान मिले हैं। कार भी क्षतिग्रस्त हालत में मिली है। इन परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

पुलिस हत्या की आशंका के साथ-साथ सड़क हादसे में मौत होने की संभावना को भी ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटनास्थल और कार की स्थिति के साथ ही मृतक के शरीर पर मिले चोट के निशानों की भी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कार दुर्घटनाग्रस्त कैसे हुई और श्रीकांत की मौत किन परिस्थितियों में हुई। मृतक के परिजन गुरुकांत तिवारी ने बताया कि श्रीकांत टैक्सी चलाता था और नोएडा से गाड़ी लेकर बड़ौदा के लिए रवाना हुआ था। उन्होंने बताया कि श्रीकांत का मोबाइल फोन और एक क्रेडिट कार्ड भी गायब है। पुलिस से सूचना मिलने के बाद परिजन अजमेर पहुंचे, जहां पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

रेस्टोरेंट पर हुई चाकूबाजी मामले में कार्रवाई

कोटा, (निसं)। कैथून थाना इलाके में बार एण्ड रेस्टोरेंट पर हुई चाकूबाजी व तोड़फोड़ के मामले में पुलिस टीम ने दो नाबालिगों को विधि से संघर्षरत निरूद्ध किया है। नाबालिगों को पकड़ने के दौरान एक नाबालिग ने डीएसटी के हैड कांस्टेबल पर चाकू से हमला किया, जिससे हैड कांस्टेबल को चोट आई।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि कैथून क्षेत्र के जगन्नाथपुरा गांव में स्थित एसओडी बार एवं रेस्टोरेंट में 16 सितम्बर की रात्रि को रेस्टोरेंट के कर्मचारी पर चाकू से जानलेवा हमले एवं 17 सितम्बर को पुन: रेस्टोरेंट में घुसकर हमला कर तोड़फोड़ के दर्ज मामले में पुलिस टीम ने दो विधि से संघर्षरत बालकों को निरुद्ध करने में सफलता प्राप्त की है। विधि से संघर्षरत एक बालक पुलिस हिरासत से बचने के लिये भागने लगा जिसका पीछा कर जिला विशेष टीम के सदस्य रविकांत हैड कांस्टेबल द्वारा रुकने को कहा गया एवं पुलिस का परिचय दिया गया एवं समझाईश की गई परन्तु विधि से संघर्षरत बालक ने जेब में से चाकू निकाल लिया और समझाइश के दौरान रविकान्त हैड कांस्टेबल पर हमला कर दिया।

डोडा-पोस्त के आरोपी को पांच वर्ष की सजा

जोधपुर, (कासं)। एनडीपीएस न्यायालय संख्या दो जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मुजफ्फर चौधरी ने 13 वर्ष पुराने अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त बरामदगी के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी भंवरलाल उर्फ भंवरू बिश्नोई निवासी कंवरजी की खेजड़ी को 5 वर्ष का कठोर कारावास और 50 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है।

सरकार की ओर से पैरवी के लिए नियुक्त मनोहर लाल पालीवाल विशिष्ट लोक अभियोजक न्यायालय एनडीपीएस मामलात जोधपुर ने बताया कि 12 नवंबर 2013 को थाना अधिकारी पुलिस थाना ओसियां पूरण सिंह को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि भंवरलाल उर्फ भंवरु विश्नोई निवासी कंवरजी खेजड़ी तापू ने अपने घर में अवैध डोडा-पोस्त के बोरे छुपा कर रखे हैं। सूचना विश्वसनीय होने से थानाधिकारी मय जाब्ता भंवरलाल की ढाणी पहुंचे तो वहां ढाणी के पिछे में एक व्यक्ति नजर आया जो पुलिस जाब्ते को देखकर कट्टे लेकर भागने लगा। जिसे पुलिस द्वारा घेरा डालकर पकड़ लिया। नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम भंवरलाल विश्नोई बताया तथा घर व खेत अपना होना बताया। तब पास में पड़े सफेद व काले कट्टों में भरी वस्तु के बारे में पूछने पर उसने घबराते हुए डोडा-पोस्त होना बताया। डोडा-पोस्त अवैध होने से थानाधिकारी द्वारा कार्रवाई करते हुए सफेद कट्टे में 19 किलोग्राम व हल्के काले रंग के कट्टे में 20 किलोग्राम कूल 39 किलोग्राम डोडा-पोस्त बरामदग हुआ। अनुसंधान में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बाद में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मुजफ्फर चौधरी ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत 10 गवाह, 40 दस्तावेजी साक्ष्य और 4 आर्टिकल के आधार पर अभियुक्त भंवरलाल उर्फ भंवरु को दोषी ठहराते हुए उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त बरामदगी को देखते हुए सजा सुनाई।

निजी स्कूलों में गबन और फर्जीवाड़े का आरोप

परबतसर, (निसं)। डीडवाना-कुचामन एवं अजमेर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित निजी विद्यालयों द्वारा मान्यता नियमों के उल्लंघन, फर्जी नामांकन के जरिए सरकारी राशि के गबन और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का बड़ा मामला सामने आया है। इस संबंध में मानपुरा निवासी शिकायतकर्ता मुकेश छबा ने राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, शिक्षा मंत्री, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो तथा जिला कलैक्टर सहित 14 प्रमुख विभागों के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है।

शिकायत में बताया गया है कि संचालक कमलेश शर्मा एवं उनके सहयोगियों द्वारा संचालित गुरुकुल बाल निकेतन (पीह), जुपिटर एकेडमी (पीह), श्री करणी उच्च प्राथमिक विद्यालय (मायापुर), श्री मरुधर केसरी शिक्षण संस्थान (मोरियाना) और आदर्श बाल भारती शिक्षण संस्थान (नरवर) में भारी वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताएं की जा रही हैं। आरोप है कि इन विद्यालयों में 75 प्रतिशत सशुल्क विद्यार्थियों की संख्या केवल कागजों में फर्जी तरीके से दिखाकर निशुल्क सीटों पर प्रतिवर्ष लगभग 75 लाख रुपये की राजकीय राशि का अवैध गबन किया जा रहा है। शिकायती पत्र में यह भी खुलासा किया गया है कि संचालक ने अपने परिवार के सदस्यों तथा गैर अध्ययनरत बच्चों के नाम से फर्जी नामांकन दर्ज कराए हैं। इसके अलावा, स्वीकृत स्थान के बजाय अन्य गैर मान्यता प्राप्त व जर्जर भवनों में स्कूल चलाना, टीन की चादरों में कक्षाएं लगाना, हाईटेंशन बिजली लाइन के नीचे संचालन करना और बिना लोक निर्माण विभाग व अग्निशमन सुरक्षा प्रमाण पत्र के बच्चों की जान जोखिम में डालना शामिल है। आरोप है कि पीह स्थित ई-मित्र केंद्र के माध्यम से फोटोशॉप सॉफ्टवेयर का उपयोग कर फर्जी आधार कार्ड, जन-आधार व अन्य दस्तावेज तैयार किए जाते हैं। एवं यह आईटीआर इसके पिताजी के सुवालाल खाती के नाम से लगाई गई है उसके पिता की मृत्यु 18 फरवरी 2024 हो गई हो ओर आईपीआर 2026 में लग गई है। ये फर्जी लग रहा है। शिकायतकर्ता ने सरकार एवं संबंधित विभागों से विशेष जांच समिति का गठन कर आकस्मिक भौतिक निरीक्षण कराने, अवैध नामांकनों से उठाई गई राशि की वसूली करने, विद्यालयों की मान्यता रद्द करने तथा दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।